उ0प्र0 राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा निदेशालय

(वित्त विभाग)

उ0 प्र0 सरकार

विकास दीप, चतुर्थ तल, (छठा लेविल)

22–स्टेशन रोड, लखनऊ

फोन :: 0522–2635125

फैक्स :: 0522–2635299

निदेशालय की वेबसाइट : **http://beema.up.nic.in**

बिन्दु संख्या–1 प्रभाग/प्राधिकरण का संगठन एवं कार्य।

उ0प्र0 राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा निदेशालय का गठन उ0प्र0 सरकार द्वारा वित्त (बीमा) अनुभाग के अधीन कार्यालय ज्ञाप संख्या–बीमा–37/ दस–3–80 लखनऊ दिनांक 29 मार्च, 1980 द्वारा अपने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याणार्थ उनके भविष्य की सुरक्षा के लिये सामूहिक बीमा एवं बचत योजना के कार्यान्वयन हेतु किया गया है।

इस निदेशालय में निम्न राजपत्रित/अराजपत्रित पद स्वीकृत हैं :–

पदनाम	स्वीकृत पद	वेतन बैण्ड	ग्रेड–पे
निदेशक	एक	37400–67000	10000
अपर निदेशक	एक	37400–67000	8700
उप निदेशक	एक	15600–39100	6600
दावा अधिकारी	दो	9300–34800	4800
प्रशासनिक अधिकारी	दो	9300–34800	4600
कम्प्यूटर आपरेटर कम सुपरवाइजर	एक	9300–34800	4200
आशुलिपिक	एक	5200–20200	2800
प्रधान सहायक	नौ	9300–34800	4200
डाटा इन्ट्री आपरेटर	दो	5200–20200	2800
वरिष्ठ सहायक	अट्ठारह	5200–20200	2800
कनिष्ठ सहायक	सोलह	5200–20200	2000
वाहन चालक	तीन	5200–20200	1900
दफ्तरी कम साइक्लोस्टाइल आपरेटर	एक	5200–20200	1800
चपरासी/डाकरनर/अर्दली	सात	5200–20200	1800
चौकीदार	एक	5200–20200	1800

टिप्पणी:

1. निदेशक, अपर निदेशक, उप निदेशक के पद वित्त एवं लेखा सेवा संवर्ग के हैं। इन पदों पर तैनाती शासन के वित्त (सेवायें) अनुभाग–2 द्वारा की जाती है।

निदेशालय द्वारा शासन की तीन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इनका स्वरूप एवं कार्य निम्नवत् है:–

(क) उ0प्र0 राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा एवं बचत योजना

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा इस प्रदेश के कर्मचारियों के परिवार के कल्याणार्थ तथा उनके भविष्य की आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ''उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा एवं बचत योजना'' लागू की गयी है। यह योजना पुलिस विभाग के अराजपत्रित कर्मचारियों के लिये 01.03.1974 से तथा शेष समस्त राजपत्रित एवं अराजपत्रित कर्मचारियों के लिये 01.03.1976 से लागू की गयी है। शासन द्वारा यह योजना भारतीय जीवन बीमा निगम के सहयोग से संचालित की जा रही थी। उत्तर प्रदेश शासन के वित्त (बीमा) अनुभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या बीमा–37/दस–3–80 दिनांक 29 मार्च 1980 द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा निदेशालय की स्थापना करते हुए दिनांक 01.03.1980 से इस योजना का क्रियान्वयन निदेशालय के माध्यम से कराया जा रहा है। यह योजना राज्य सरकार के अधीन नियमित अधिष्ठान में नियुक्त समस्त स्थायी /अस्थायी सरकारी सेवकों पर लागू है। यह योजना माननीय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों /न्यायाधीशों उ0प्र0 लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष/ सदस्यों पर ऐच्छिक रूप से लागू है। अखिल भारतीय सेवाओं के ऐसे अधिकारीगण, जो केन्द्रीय समूह बीमा योजना नहीं अपनाते हैं, पर भी यह योजना लागू है। यह योजना कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों के आधार पर वर्गीकृत की गई है। वर्तमान में निम्न तालिका के अनुसार इस योजना के अन्तर्गत कर्मचारियों के मासिक वेतन से अभिदानों की कटौती उनके आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा की जाती है और बीमा अभिदान की दरों के सम्मुख अंकित बीमा आच्छादन की धनराशि किसी कर्मचारी की सेवारत अवस्था में मृत होने पर उसके लाभार्थी को अनुमन्य होती है।

क्रमांक	पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य ग्रेड वेतन	मासिक अभिदान की दर प्रतिमाह	बीमा आच्छादन	बचत निधि में जमा धनराशि पर देय ब्याज की दर
1	2	3	4	5
1.	रु0 5401 से अधिक	400	4,00,000	8.6 प्रतिशत त्रैमासिक चक्रवृद्धि ब्याज
2.	रु0 2801 से रु0 5400 तक	200	2,00,000	–– तदैव ––
3.	रु0 2800 तक	100	1,00,000	–– तदैव ––

योजनान्तर्गत प्रत्येक कर्मचारी के मासिक अभिदानों का विवरण उनकी सेवापुस्तिका में एक निर्धारित प्रारूप पर शासनादेशसं0 बीमा–2545/दस–54–1981 दिनांक 24 मार्च, 1983 में दी गयी व्यवस्थानुसार रखे जाने का प्राविधान है।

इस योजना के अन्तर्गत सरकारी सेवकों को नामांकन प्रपत्र भरे जाने की सुविधा प्राप्त है। योजना के अन्तर्गत किसी भी सरकारी सेवक का दावा उत्पन्न होने पर निर्धारित प्रारूप 31 (संशोधित) पर सम्बन्धित कर्मचारी के अन्तिम सेवारत जिले के कोषागार को प्रेषित किया जाता है। 01.10.1999 से पूर्व के उत्पन्न दावों का निस्तारण दिनांक 01.03.2011 से दिनांक 30.09.2011 तक के ग्रेड पे रु0 5400/– से अधिक के उत्पन्न दावें तथा दिनांक 01.10.2011 से ग्रेड पे रु0 6600/– या उससे अधिक केवल समूह ''क'' में पदोन्नत होने वाले अधिकारियों के दावों का निस्तारण बीमा निदेशालय द्वारा किया जाता है तथा समूह ''क'' के ऐसे अधिकारी जो स्वयं आहरण अधिकारी हैं, के उत्पन्न दावों

का निस्तारण भी बीमा निदेशालय द्वारा किया जाता है। किसी सरकारी सेवक की यदि कोई त्रुटिवश कटौती हो जाती है तो भी उसका भुगतान बीमा निदेशालय द्वारा किया जाता है। दावा प्रपत्रों को अग्रसारित करने का उत्तरदायित्व प्रदेश के आहरण वितरण अधिकारी को सौंपा गया है। योजनान्तर्गत ई–पेमेन्ट द्वारा इसकी सूचना सरकारी कर्मचारी /लाभार्थी के खाते में धनराशि प्रेषित की जाती है तथा सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारी/सरकारी सेवक को प्रेषित की जाती है। यह योजना लोक लेखे के लेखाशीर्षक–8011 बीमा तथा पेंशन निधि–107 राज्य सरकारी कर्मचारी समूह बीमा येाजना–01 उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी समूह बीमा योजना–बीमा निधि–0101 पुलिस विभाग के कर्मचारियों को छोड़कर शेष कर्मचारियों से प्राप्त धनराशि– 0102 पुलिस विभाग के कर्मचारियों से प्राप्त धनराशि–02 उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी समूह बीमा योजना–बचत निधि–0201 पुलिस विभाग के कर्मचारियों को छोड़ कर शेष कर्मचारियों से प्राप्त धनराशि–0202 पुलिस विभाग के कर्मचारियों से प्राप्त धनराशि एवं इस योजना का संवितरण लेखाशीर्षक–8011 बीमा तथा पेंशन निधि–107 राज्य सरकारी कर्मचारी समूह बीमा योजना–01 उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी समूह बीमा योजना–बीमा निधि–0101 पुलिस विभाग के कर्मचारियों को छोड़कर शेष मृत कर्मचारियों से सम्बन्धित बीमा राशि का भुगतान–0102 पुलिस विभाग के मृत कर्मचारियों से सम्बन्धित बीमा राशि का भुगतान–02 उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी समूह बीमा योजना–बचत निधि–0201 पुलिस विभाग के कर्मचारियों को छोड़कर शेष अन्य कर्मचारियों में से सेवानिवृत्त या मृत कर्मचारियों से सम्बन्धित बचत राशि का भुगतान–0202 पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त या मृत कर्मचारियों से सम्बन्धित बचत राशि का भुगतान के अन्तर्गत किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत प्राप्तियों/भुगतानों का समग्र लेखा बीमा निदेशालय स्तर पर रखा जाता है। महालेखाकार कार्यालय से योजना संबंधी लेखों के मिलान का उत्तरदायित्व बीमा निदेशालय द्वारा निर्वहन किया जाता है। प्रदेश के समस्त कोषागारों /आहरण वितरण अधिकारियों के कार्यालयों का निरीक्षण /सम्प्रेक्षण का कार्य भी बीमा निदेशालय द्वारा किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत देय धनराशि से किसी प्रकार की वसूली नहीं की जा सकती है। यह योजना प्रदेश के समस्त सरकारी सेवकों के कल्याणार्थ उनके भविष्य की सुरक्षा को दृष्टिगत करते हुए लागू की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत मासिक अभिदानों के रूप में जो कटौती वेतन से की जाती है, वह दो भागों में राज्य सरकार के लोक लेखों में जमा होती है। एक भाग ''बीमा निधि'' में तथा दूसरा ''बचत निधि'' में जमा होता है। बीमा निधि में जमा होने वाली राशि के विरुद्ध समस्त सेवारत मृत कर्मचारियों का भुगतान किया जाता है और वर्ष के अन्त में जो राशि शेष बचती है वह एक प्रकार से योजना के लाभ के रूप में मानी जाती है।

(ख) <u>उ0 प्र0 इम्प्लाइज बेनीवोलेण्ट फण्ड स्कीम</u>

उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या बीमा–1316/दस–16–80 दिनॉक 21.10.81 के प्रस्तर–25 के अनुसार ''उ0प्र0 राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा एवं बचत योजना'' के अन्तर्गत ''रिस्क फण्ड'' में उपलब्ध धनराशि के विरूद्ध समस्त सेवारत मृत्यु के दावों का भुगतान किये जाने की व्यवस्था है और वर्ष के अन्त में जो धनराशि शेष बचती है, उसका 90 प्रतिशत अंश शासन द्वारा सरकारी सेवकों तथा उनके परिवारों के लिये कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु एक बेनीवोलेण्ट फण्ड गठित करके उसका उपयोग किया जा रहा है।

बेनीवोलेण्ट फण्ड की प्रबन्ध समिति का गठन शासनादेश संख्या बीमा–3291/ दस–56/1984 दिनॉक 29 नवम्बर,1984 के द्वारा किया गया था। वर्तमान में प्रबन्ध समिति के निम्नलिखित सदस्य हैः–

प्रबन्ध समिति

1	अध्यक्ष	मुख्य सचिव ।
2	सदस्यगण	1–सचिव, वित्त विभाग। 2–सचिव, कार्मिक विभाग। 3–राज्य संयुक्त संगठन में राज्य कर्मचारी सेवा संघों के प्रतिनिधियों में से शासन के कार्मिक विभाग द्वारा नामित दो प्रतिनिधि।
3	संयोजक	तुरन्त कार्य प्रारम्भ करने हेतु इस पद का कार्य निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा निदेशालय लखनऊ द्वारा सम्पादित किया जायेगा। इस पद पर स्थाई व्यवस्था के संबंध में प्रबन्ध समिति को निर्णय लेने का अधिकार होगा।
4	कोषाध्यक्ष	निदेशक, उ0प्र0 राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा निदेशालय, लखनऊ।

लागू योजनायें

(अ) बीमारी एवं दुर्घटना के कारण स्थायी रूप से मानसिक तथा शारीरिक रूप से अपंग सरकारी सेवकों को सहायता

इस योजना के अन्तर्गत बीमारी या दुर्घटना के फलस्वरूप उन मानसिक तथा शारीरिक रूप से अपंग सरकारी सेवक को सहायता दी जाती है जो स्थायी रूप से अपंग हो गये हों और इस अपंगता के फलस्वरूप उन्हें सरकारी सेवा से हटना पड़ा हो।

शासनादेश संख्याः बीमा–3291/दस–56/1984, दिनांक 29.11.84 में निर्धारित प्रक्रियानुसार बेनीवोलेण्ट फण्ड से सहायता प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित सरकारी सेवक को आवेदन पत्र अपने विभागाध्यक्ष /प्रशासनिक विभाग को प्रस्तुत करना होता है। सरकारी सेवक के इस हद तक अक्षम हो जाने की स्थिति में जिसमें वह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने योग्य न रह जाय, यह प्रार्थना पत्र उसके सामूहिक बीमा योजना के नामिनी द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। यदि नामांकन न भरा गया हो तो प्रार्थना पत्र विभागाध्यक्ष /प्रशासनिक विभाग द्वारा निर्धारित उसके निकट सम्बन्धी द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। विभागाध्यक्ष /प्रशासनिक विभाग द्वारा प्राप्त प्रार्थना पत्र को अग्रसारण पत्र के साथ आवश्यक सूचना देते हुए उ0प्र0 बेनीवोलेण्ट फण्ड के संयोजक को अग्रसारित किया जाता है।

इस योजना के अन्तर्गत, बेनीवोलेण्ट फण्ड से सहायता के पात्र अपंग सरकारी सेवक को दी जाने वाली सहायता की धनराशि का निर्धारण प्रबन्ध समिति द्वारा किया जाता है। यह राशि किसी भी हालत में उस धनराशि के 50 प्रतिशत से कम नहीं होती है, जो अपंग सरकारी सेवक को राज्य सरकार की सामूहिक बीमा योजना के अन्तर्गत सेवारत मृत्यु की स्थिति में इन्श्योरेन्स कवर के रूप में देय होती है। किसी भी सरकारी सेवक को इस योजना के अन्तर्गत बेनीवोलेण्ट फण्ड से दी जाने वाली सहायता की अधिकतम् धनराशि की सीमा सरकारी सेवक को सेवारत मृत की स्थिति में सामूहिक बीमा योजना के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली इन्श्योरेन्स कवर की धनराशि होती है।

(ब) <u>हृदय रोग तथा कैंसर आदि जानलेवा बीमारियों के इलाज के लिये प्रदेश से बाहर जाकर इलाज कराने के लिये उ0प्र0 इम्पलाइज बेनीवोलेण्ट फण्ड से सहायता</u>

उ0प्र0 सरकार के अधीन कार्यरत राजकीय अधिकारियों /कर्मचारियों को उ0प्र0 कर्मचारी (चिकित्सा परिचर्या) नियमावली–1946 के अधीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होती है। उक्त नियमावली में ऐसा कोई नियम नहीं है जिसके अन्तर्गत राजकीय अधिकारियों /कर्मचारियों को प्रदेश से बाहर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाये किन्तु शासन द्वारा विशेष परिस्थितियों में ऐसे रोगों की चिकित्सा तथा गम्भीर मामलों में विशेषज्ञ चिकित्सा हेतु नियमों में शिथिलता प्रदान कर प्रदेश के बाहर चिकित्सा कराने की अनुमति प्रदान की जाती है। रोगी के साथ प्रदेश से बाहर गये परिचर के रहने, ठहरने, खाने–पीनें आदि की व्यवस्था रोगी को स्वयं वहन करनी पड़ती है इसके अतिरिक्त रोगी की डाइट, डिस्पोजिबल आइटम कुछ औषधियों तथा टानिक लग्जटिव आदि की प्रतिपूर्ति रोगी को नहीं की जाती। आपरेशन में डिसपोजिबल आइटम पर काफी व्यय होता है। फलस्वरूप इस फण्ड से सौ रुपये प्रतिदिन की दर से चिकित्सा की अवधि तक सहायता दिये जाने का प्राविधान है।

इस योजना के अन्तर्गत हृदय रोग तथा कैंसर आदि जानलेवा बीमारियों के इलाज के लिये सहायता प्राप्त करने हेतु रोगी को प्रदेश से बाहर जाकर इलाज कराने के लिये राज्य सरकार की अनुमति के साथ बाहर इलाज कराने की अवधि का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होता है। यह सहायता रोगी को इलाज पूर्ण कराने के उपरान्त देय होती है।

इस सहायता को प्राप्त करने हेतु परिपत्र सामू0बीमा–बे0फण्ड–30 /1988,दिनांक 24 जून, 1988 में दी गयी प्रक्रियानुसार सहायता के लिये प्रार्थना पत्र भरकर तीन प्रतियों में प्रशासकीय विभाग/ कार्यालयाध्यक्ष को प्रस्तुत करना होता है तथा प्राप्त प्रार्थना पत्र की तीनों प्रतियों पर प्रशासकीय विभाग के अधिकारी /कार्यालयाध्यक्ष द्वारा प्रविष्टियॉ पूर्ण करके तथा हस्ताक्षर करके तीनों प्रतियों को प्रशासकीय विभाग /विभागाध्यक्ष को भेजा जाता है। प्रशासकीय विभाग /विभागाध्यक्ष द्वारा तीनों प्रतियों को पत्र के साथ संयोजक, उ0प्र0 इम्प्लाइज बेनीवोलेण्ट फण्ड को भेजा जाता है।

(स) <u>विकलांग सरकारी सेवकों द्वारा सहायक उपकरणों के क्रय के लिये उ0प्र0 इम्पलाइज बेनीवोलेण्ट फण्ड से सहायता</u>

इस योजना के अन्तर्गत किसी भी विकलांग सरकारी सेवक द्वारा विकलांगता के लिये क्रय किये जाने वाले सहायक उपकरण के लिये सहायता दिये जाने का प्राविधान है। यह सहायता तभी देय होती है जब किसी अन्य स्रोत से सहायता न प्राप्त हो। सहायता के प्रार्थना पत्र के साथ क्रय की रसीद की प्रमाणित फोटो कापी संलग्न करनी होती है।

किसी भी विकलांग सरकारी सेवक द्वारा विकलांगता के लिये क्रय किये जाने वाले सहायक उपकरण की धनराशि की अधिकतम् सीमा रु0 2,000/– है। यदि क्रय किये गये सहायक उपकरण का मूल्य रु0 2,000/– से कम है तो सहायता की धनराशि क्रय के वास्तविक मूल्य तक ही सीमित रहती है। यदि किसी सहायक उपकरण का मूल्य रु0 2,000/– अधिक है तो सहायता की धनराशि रु0 2,000/– के वास्तविक मूल्य तक सीमित ही रहती है। यदि किसी सहायक उपकरण का मूल्य रू0 2,000/– से अधिक होती है तो इस संबंध में सहायता की धनराशि रू0 2000/– ही रहती है।

इस सहायता को प्राप्त करने के लिये परिपत्र संख्याः सामू0बीमा –वे0फ0/31/ 1988, दिनांक 24 जून, 1988 में दी गयी प्रक्रिया के अनुसार प्रार्थना पत्र भरकर तीन प्रतियों में प्रशासकीय विभाग के कार्यालयाध्यक्ष को प्रस्तुत करना होता है। प्राप्त प्रार्थना पत्र की तीन प्रतियों पर प्रशासकीय विभाग के अधिकारी/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा

प्रविष्टियां पूर्ण करके तथा हस्ताक्षर करके तीनों प्रतियों को प्रशासकीय विभाग/विभागाध्यक्ष को भेजी जाती है। प्रशासकीय विभाग/विभागाध्यक्ष तीनों प्रतियों को पत्र के साथ संयोजक उ0प्र0 बेनीवोलेण्टफण्ड को भेजते है।

(द) <u>सेवारत मृत सरकारी सेवकों के अध्ययनरत उदीयमान पुत्रों/पुत्रियों को अध्ययन पूर्ण करने हेतु सहायता</u>

इस योजना के अन्तर्गत उ0प्र0 राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा योजना से आच्छादित सेवारत मृत सरकारी सेवकों के ऐसे उदीयमान पुत्रों /पुत्रियों को भी जो अत्यन्त प्रतिभावान हो अध्ययन जारी रखने हेतु सहायता दी जाती है। यह सहायता सेवारत सरकारी सेवकों के उन पुत्रों /पुत्रियों को देय होती है, जिन्होंने यू0पी0 बोर्ड की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम दस स्थान प्राप्त किया हो। मेडिकल तथा इंजीनियरिंग कक्षाओं में सरकारी सेवक की मृत्यु तिथि से अध्ययनरत पुत्रों/पुत्रियों में से वे ही इस सहायता के पात्र होंगे, जिन्होंने मेडिकल/ इंजीनियरिंग कालेजों में अपने ब्रांच में प्रथम स्थान प्राप्त किये हो। इस मामले में यह सहायता इंजीनियरिंग तथा मेडिकल के उस कोर्स को पूरा करने की अवधि तक ही दी जाती है जिसमें सरकारी सेवक की मृत्यु की तिथि को उसके पुत्र /पुत्रियां अध्ययनरत थे। इसी प्रकार स्नातक तथा परास्नातक कक्षाओं में भी सरकारी सेवक की मृत्यु तिथि को अध्ययनरत उनके उन पुत्रों/ पुत्रियों को सहायता दी जाती है जो सम्बन्धित विश्वविद्यालयों/विद्यालयों में उक्त परीक्षाओं में प्रथम पांच रैंक में स्थान रखते हों। इन मामलों में भी उक्त कोर्स को पूरा करने के लिये ही सहायता दी जाती है परन्तु किसी भी मामले में दी जाने वाली सहायता की अवधि चार वर्षों से अधिक नहीं होती है।

इंजीनियरिंग/मेडिकल की कक्षाओं में अध्ययनरत मृत सरकारी सेवकों के सहायता के पात्र पुत्रों/पुत्रियों को रुपये छः सौ प्रतिमाह की दर से सहायता देय है। स्नातक/ स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत मृत सरकारी सेवकों के सहायता के पात्र उन पुत्रों/पुत्रियों को रुपये चार सौ प्रतिमाह की दर से सहायता देय है, जो छात्रावासी छात्र हैं। गैर छात्रावासी छात्रों के लिये सहायता की धनराशि रु0 150/– प्रतिमाह है। इसी प्रकार कक्षा–11 व 12 में अध्ययनरत मृत सरकारी सेवकों के सहायता के पात्र उन पुत्रों /पुत्रियों को रु0 300/– प्रतिमाह की दर से सहायता देय है, जो छात्रावासी छात्र हैं। गैर छात्रावासी छात्रों के लिये यह धनराशि रू0 100/– प्रतिमाह है। सहायता एक वर्ष में दस माहों के लिये ही देय होती है और इसका भुगतान वर्ष में केवल एक बार ही किये जाने की व्यवस्था है। यदि सरकारी सेवक की मृत्यु की तिथि को अध्ययनरत पुत्र/पुत्री वयस्क हैं तो सहायता की धनराशि का भुगतान उसे ही किया जाता है। यदि वह अवयस्क है तो इस धनराशि का भुगतान उसके प्राकृतिक संरक्षक को किया जाता है। यदि प्राकृतिक संरक्षक की मृत्यु हो जाती हो तो इस धनराशि का भुगतान ''गार्जियन एण्ड वार्ड्स एक्ट'' के अन्तर्गत नियुक्त विधिक संरक्षक को किया जाता है।

सहायता प्राप्त करने के लिये प्रार्थना पत्र भरकर तीन प्रतियों में प्रशासकीय विभाग/कार्यालयाध्यक्ष को प्रस्तुत किया जाना होता है। प्राप्त प्रार्थना पत्र की तीन प्रतियों पर प्रशासकीय विभाग के अधिकारी/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा प्रविष्टियां पूर्ण करके तथा हस्ताक्षर करके तीनों प्रतियां प्रशासकीय विभाग/विभागाध्यक्ष को भेजी जाती है। प्रशासकीय विभाग/विभागाध्यक्ष तीनों प्रतियों को पत्र के साथ संयोजक उ0प्र0 इम्प्लाइज बेनीवोलेण्ट फण्ड को भेजते है। जिन मामलों में शासनादेश की शर्तें पूरी नहीं होती है, विवाद होता है अथवा सन्देह की स्थिति होती है, उनमें प्रबन्ध समिति का निर्णय प्राप्त किये जाने की व्यवस्था है, जो अन्तिम होता है। सहायता की यह योजना 1.4.88 से लागू है।

वित्त (बीमा) अनुभाग के पत्र संख्या बीमा–3411/दस–86–56/ 1984 दिनॉक 06.12.1986 द्वारा धनराशि रू0 1,00,00,000.00 (रूपया एक करोड़) उत्तर प्रदेश इम्पलाइज बेनीवोलेण्ट फण्ड को स्थानान्तरित करते हुए इस फण्ड के संचालन हेतु जवाहर भवन कोषागार लखनऊ में फण्ड के नाम से एक पर्सनल लेजर एकाउण्ट (पी0एल0ए0) खोले जाने तथा पी0एल0ए0 में उक्त धनराशि को जमा करने की स्वीकृति प्राप्त हुई।

इस फण्ड में दिनॉक 28.03.2007 को अन्तिम अवशेष रू0 85,70,640.00 है।

(ग) अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों पर आच्छादित केन्द्रीय समूह बीमा योजना

उत्तर प्रदेश संवर्ग के अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों पर यह योजना दिनांक 1.1.82 से लागू की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों पर माह 1/82 से 12/89 तक रु0 80/– प्रतिमाह एवं 1/90 से रू0 120/– प्रतिमाह की दर से मासिक अभिदान की कटौती किये जाने का प्राविधान है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के केन्द्रीय समूह बीमा योजना संबंधी कार्यो के निष्पादन हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा निदेशक, उ0प्र0 राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा निदेशालय, लखनऊ को पदनामित आहरण अधिकारी नामित किया गया है। उ0प्र0 संवर्ग के अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी जो प्रदेश में तैनात रहते है, उनके अभिदान प्रदेश के कोषागारों के माध्यम से प्राप्त होते है। ऐसे अधिकारी जो प्रदेश के बाहर प्रतिनियुक्ति पर तैनात रहते है, उनके संबंध में अभिदान संबंधित विभाग से चेक/बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से पदनामित अधिकारी को प्राप्त होते हैं जिन्हें पदनामित अधिकारी द्वारा बैंक में जमा किया जाता हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश के बाहर तैनात कतिपय अधिकारियों के प्रकरण में सम्बन्धित विभाग अभिदान की धनराशि बैंक ड्राफ्ट/चेक के माध्यम से महालेखाकार उ0प्र0 इलाहाबाद को भी भेजते हैं जिन्हें महालेखाकार उ0प्र0 इलाहाबाद के स्तर जमा कराकर सम्बन्धित विवरण बीमा निदेशालय को प्रेषित करते हैं। पदनामित आहरण अधिकारी द्वारा अभिदानों की प्राप्त होने वाली जमा की गई धनराशि को समय–समय पर कोषागार, जवाहर भवन से आहरित कर भारत सरकार के सम्बन्धित मंत्रालयों को बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से अभिदान की अदायगी के रूप में भुगतान की जाती है। उ0प्र0 सवंर्ग के अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के उत्पन्न दावों को सम्बन्धित अधिकारी/लाभग्रहियों से प्राप्त करके वांछित सूचनाओं सहित पदनामित अधिकारी द्वारा भारत सरकार के सम्बन्धित मंत्रालयों को प्रेषित किये जाते हैं। भारत सरकार से सम्बन्धित अधिकारी/लाभग्रहियों के पक्ष में प्राप्त चेक अधिकारी/लाभग्रहियों को सम्बन्धित अधिकारी के प्रशासनिक विभाग के माध्यम से प्राप्त करायी जाती है। इस योजना का क्रियान्वयन लेखाशीर्षक– 8658–उचन्त खाता–123 अखिल भारतीय सेवा अधिकारी समूह बीमा योजना–अंशदान के अन्तर्गत हो रहा है।

उपरोक्त के अतिरिक्त इस योजना के अन्तर्गत भारत सरकार के पत्र संख्या–11024/1/99–एआईएस(।।) दिनॉक 22.05.2003 के सन्दर्भ में उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत शासनादेश संख्याः एस0ई0–607/दस–2005– बीमा– 41/ 2003 दिनॉक 06.04. 2005 के द्वारा अखिल भारतीय सेवा के सदस्यों को सेवानिवृत्त/मृत्यु होने पर बीमा/बचत निधि के भुगतान की प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है। प्रश्नगत शासनादेश में यह व्यवस्था निर्धारित की गई है कि राज्य संवर्ग के अखिल भारतीय सेवा के ऐसे अधिकारी जो सेवानिवृत्त/सेवा से अन्यथा पृथक होने के समय भारत सरकार में तैनात हो, को छोड़कर अखिल भारतीय सेवा के अन्य समस्त अधिकारियों के समूह बीमा योजना संबंधी दावों का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जा सकता है। इस संबंध में उपर्युक्त सन्दर्भित

शासनादेश दिनॉक 06.04.2005 में निदेशक, सामूहिक बीमा को भुगतान स्वीकृत किए जाने हेतु अधिकृत किया गया है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत उपरोक्त श्रेणी के अधिकारियों/लाभग्रहियों के देयों का भुगतान एकाउण्ट पेयी चेक/बैंक ड्राफ्ट जो सुविधाजनक हों, के माध्यम से किया जायेगा। भुगतान की जाने वाली धनराशि लेखाशीर्षक– ''8658–उचन्त लेखे–123–अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों की समूह बीमा योजना के अन्तर्गत उप शीर्षक–लाभार्थियों को देय भुगतान'' के नामे डाली जायेगी। निदेशक, राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा निदेशालय द्वारा एकाउण्ट पेयी चेक/बैंक ड्राफ्ट (यथा स्थिति) सीधे लाभग्रही को उनके अभिलेखीय पते पर प्रेषित किया जायेगा। चेक/बैंक ड्राफ्ट भेजे जाने वाले पत्र की प्रतिलिपि यथा स्थिति उत्तर प्रदेश शासन के नियुक्ति अनुभाग/वन अनुभाग एवं पुलिस महानिदेशक को भी प्रेषित की जायेगी।

उपरोक्तानुसार राज्य सरकार द्वारा भुगतान की गई धनराशि की प्रतिपूर्ति हेतु महालेखाकार, उत्तर प्रदेश द्वारा भारत सरकार के संबंधित भुगतान एवं लेखाधिकारी, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग/गृह मंत्रालय/पर्यावरण एवं वन मंत्रालय (जैसी स्थिति हो) को प्रस्ताव प्रेषित किया जायेगा तथा उक्त कार्यालय से प्रतिपूर्ति सम्बन्धी प्राप्त चेकों/बैंक ड्राफ्टों को लेखाशीर्षक–''8658–उचन्त लेखा–123–अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों की समूह बीमा योजना के अन्तर्गत उप शीर्ष लाभर्थियों को देय भुगतान'' में जमा (माइनस डेविट) किया जाना होगा। किसी मामले में दोहरा भुगतान न हो, इस संबंध में नियुक्ति/गृह/वन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा लाभग्रही का दावा अग्रसारण प्रपत्र निदेशक, राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को भेजने के समय यह प्रमाण–पत्र दिया जाना होगा कि ''दावे का प्रेषण प्रथम बार किया जा रहा है, और इसके पूर्व निदेशक, बीमा/भारत सरकार के संबंधित मंत्रालय/विभाग को प्रेषित नहीं किया गया है।'' उक्त के अतिरिक्त दावों के शीघ्र एवं त्वरित निस्तारण के दृष्टिगत लाभग्रही के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में खोले गये बैंक खाता संख्या, बैंक का नाम/शाखा एवं पता जिसके माध्यम से लाभग्रही बीमा दावा का भुगतान लेना चाहें, तथा लाभग्रही का आवासीय पता स्पष्ट शब्दों में दावा प्रपत्रों पर अंकित करके निदेशालय को प्रेषित की जानी होगी। शासनादेश संख्या एस.ई. 2314/दस–2008–बीमा–19/2002 दिनांक 08.12.2008 द्वारा मासिक अभिदानों की दरों में संशोधन के अन्तर्गत वेतन समिति 2008 के प्रतिवेदन के क्रम में उ0प्र0 राज्य सेवा के ऐसे अधिकारी जो अखिल भारतीय सेवा में पदोन्नत द्वारा नियुक्त होते हैं, पर सामूहिक बीमा बचत योजना के अन्तर्गत मासिक /आच्छादन की धनराशि में संशोधन नहीं किया गया है। इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण से सम्बन्धित शासनादेश संख्या–एस.ई.72/दस–09–बीमा –19/02 दिनांक 30 मार्च, 2009 अवलोकनीय है।

बिन्दु संख्या–2 प्रभाग/प्राधिकरण के अधिकारियों/कार्मिकों के कर्तव्य एवं दायित्व

1. निदेशक — विभागाध्यक्ष

- निदेशालय के समस्त विभागीय, प्रशासनिक एवं वित्तीय मामलों के नियंत्रक।
- निदेशालय द्वारा संचालित की जा रही उ0प्र0 राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा एवं बचत योजना, उ0प्र0

इमप्लाइज बेनीवोलेण्ट फण्ड के नियंत्रक एवं अखिल भारतीय समूह बीमा योजना के पदनामित अधिकारी।

- उ0प्र0 राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा योजना सम्बन्धी ई–पेमेन्ट।

- शासन स्तर पर समय–समय पर आयोजित बैठकों में सम्मिलित होना तथा प्राप्त निर्देशों /आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करवाना।

- निदेशालय के समस्त अधिकारियों /कर्मचारियों का पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण आदि कार्य।

2. उप निदेशक

उ0प्र0 राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा योजना से सम्बन्धित दावों में वांछित निर्देश प्रदान करना, निदेशालय के अभिलेखों से सम्बन्धित, निदेशालय के भण्डार से सम्बन्धित, कम्प्यूटर से सम्बन्धित, अधिष्ठान सम्बन्धी, लेखा परीक्षण, लेखा निरीक्षण तथा शासन स्तर पर होने वाली बैठकों के लिये वांछित सूचनाओं को तैयार कराने आदि सम्बन्धी कार्य। वाद से सम्बन्धित कार्यों का पर्यवेक्षण। केन्द्रीय समूह बीमा योजना से सम्बन्धित कार्यों का पर्यवेक्षण।

उपरोक्त के अतिरिक्त अपर निदेशक एवं निदेशक द्वारा समय–समय पर सूचित/ सौंपे गये अन्य कार्य आदि।

3. दावा अधिकारी

- निदेशालय स्तर से सामूहिक बीमा योजना संबंधी उत्पन्न होने वाले दावो के बिल पारित करना ई–पेमेन्ट कराना दावों में पायी जाने वाली आपत्तियों को दूर करने संबंधी पत्रावलियों का अनुमोदन/दावो से संबंधित प्राप्त वि.पत्रों का निस्तारण कोषागारों/विभागों से प्राप्त मार्गदर्शन संबंधी पत्रों का निस्तारण।

- उ0प्र0 राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा योजना सम्बन्धी प्राप्तियों/भुगतानों के लेखों का रख–रखाव, योजना सम्बन्धी लेखा संकलन के कार्य, डाक प्राप्त एवं प्रेषण सम्बन्धी, अखिल भारतीय समूह बीमा योजना के कार्यों का पर्यवेक्षकीय कार्य आदि।
- निदेशालय के कम्प्यूटर सम्बन्धी, अधिष्ठान, बजट, नजारत तथा बेनीवोलेण्ट फण्ड के पर्यवेक्षकीय कार्य।
- निदेशालय के विरुद्ध दायर वादों से सम्बन्धित समस्त कार्यों का पर्यवेक्षण, भण्डार से सम्बन्धित एवं दिनांक 01.10.1999 के उपरान्त निस्तारित दावों के परीक्षण के कार्यों का पर्यवेक्षण/निस्तारण आदि।

- शासन द्वारा योजना सम्बन्धी समय–समय पर वांछित सूचनाओं को तैयार कराने सम्बन्धी पर्यवेक्षकीय कार्य। निदेशालय के आहरण वितरण अधिकारी के सौंपे गये कार्यों का निस्तारण एवं निदेशक द्वारा नामित जन सूचना अधिकारी के कार्यों का निस्तारण आदि।

- शासन स्तर पर मासिक समीक्षा हेतु निदेशालय की सूचना तैयार कर उपलब्ध कराने सम्बन्धी पर्यवेक्षकीय कार्य।
- उपरोक्त के अतिरिक्त उप निदेशक/निदेशक द्वारा समय–समय पर सूचित /सौंपे गये अन्य कार्य आदि।

इस निदेशालय द्वारा उपरोक्त के अतिरिक्त राज्य सरकार की जिन तीन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है उनमें कार्मिकों के कर्तव्य एवं दायित्व भी निम्न प्रकार से हैं :–

(क) <u>सामूहिक बीमा योजना</u>

इस योजना के अन्तर्गत प्राप्त दावों को रजिस्टर में अंकन के पश्चात कम्प्यूटर में पूर्ण फीडिंग करायी जाती है तत्पश्चात सम्बन्धित सहायक को प्राप्त कराया जाता है। सम्बन्धित सहायक दावों का परीक्षण कर उनमें आपत्तियां एवं भुगतान जैसी

स्थिति हो तद्नुसार दावे पर कार्यवाही हेतु प्रशासनिक अधिकारी/प्रधान सहायक को प्रस्तुत करते हैं जिसपर दावा अधिकारी द्वारा विल पारित किया जाता है/आपत्ति पत्रों पर हस्ताक्षर किये जाते हैं। यथा आवश्यक पत्रावलियां (दावों से सम्बन्धित) निर्णय हेतु उपनिदेशक के माध्यम से निदेशक महोदय को भी प्रस्तुत की जाती हैं। पारित बिलों पर ई–पेमेन्ट द्वारा भुगतान की कार्यवाही करते हुए प्रशासनिक अधिकारी/दावा अधिकारी/निदेशक के स्तर से होते हुए पूर्ण करायी जाती है। ई–पेमेन्ट के अग्रसारण सहायक के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से दावा अधिकारी को हस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत किये जाते हैं। उपरोक्त से सम्बन्धित सभी आपत्ति पत्र/भुगतान से सम्बन्धित अग्रसारण डिस्पैच कर डिस्पैच अनुभाग को प्राप्त कराये जाते हैं जहां से डाक टिकटों के माध्यम से लेखे का रख–रखाव करते हुए उनका प्रेषण सुनिश्चित किया जाता है।

उत्तर प्रदेश के समस्त कोषागारों, शासन के इरला चेक अनुभाग भुगतान एवं लेखाधिकारी कार्यालय, नई दिल्ली से प्रतिमाह सरकारी कर्मचारियों के वेतन से की जा रही सामूहिक बीमा योजना सम्बन्धी कटौतियों के विवरण पत्र इस निदेशालय में प्राप्त कराये जाते हैं जिनका कि संकलित लेखा निदेशालय स्तर पर सहायक द्वारा तैयार कर प्रशासनिक अधिकारी/दावा अधिकारी के माध्यम से उप निदेशक के हस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत किया जाता है। इसी प्रकार दिनांक 30.09.1999 से पूर्व के मृतक/सेवा निवृत्त अथवा सेवा से अन्यथा पृथक कर्मचारियों के सामूहिक बीमा योजना संबंधी प्राप्त दावो पर एवं शासनादेश संख्या–एस.ई.–684/दस–2002– 61(ए)/99, दिनांक 27.03.2002 में दी गयी व्यवस्थानुसार प्राप्त दावो पर निदेशालय द्वारा किये गये भुगतान एवं दिनांक 01.10.1999 से विकेन्द्रीकृत योजना के अन्तर्गत उपरोक्त कार्यालयों द्वारा प्राप्त भुगतान के लेखों को संकलित करते हुए लेखे सहायक द्वारा प्रशासनिक अधिकारी/दावा अधिकारी के माध्यम से उप निदेशक के हस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत किये जाते हैं।

शासनादेश दिनांक 16 जुलाई, 1999 द्वारा दिनांक 01.10.1999 से विकेन्द्रीकृत योजना के अन्तर्गत उपरोक्त कार्यालयों द्वारा किये गये भुगतानों के लेखों का कोषागार वार/आहरण वितरण अधिकारी द्वारा किये गये भुगतानों की पोस्टिंग करते हुए लेखे प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से दावा अधिकारी को प्रस्तुत किये जाते हैं तदोपरान्त इन किये गये भुगतानों का परीक्षण कर लेखे/पत्र सहायक द्वारा प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से दावा अधिकारी/ उपनिदेशक को प्रस्तुत किये जाते हैं।

उपरोक्त प्राप्तियों/किये गये भुगतानों के लेखों को समय से महालेखाकार कार्यालय में प्रस्तुत करते हुए उनका मिलान किया जाता है और वर्ष के अन्त में निधि के लेखे तैयार कर सहायक द्वारा प्रशासनिक अधिकारी /दावा अधिकारी/उप निदेशक के माध्यम से निदेशक महोदय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए लेखा संक्रमण प्रविष्टि द्वारा ब्याज की धनराशि का समायोजन महालेखाकार कार्यालय के स्तर पर कराया जाता है।

(ख) <u>बेनीवोलेण्ट फण्ड</u>

इस योजना से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों का प्रस्तुतीकरण आपत्ति/ भुगतान जैसी स्थिति हो निस्तारण हेतु प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से दावा अधिकारी/उप निदेशक के माध्यम से निदेशक को प्रस्तुत की जाती हैं। इस योजना की पत्रावलियों/प्रार्थना पत्रों का रख–रखाव आशुलिपिक द्वारा किया जाता है। वर्ष के अन्त में निदेशालय द्वारा किये गये भुगतान से कोषागार जवाहर भवन लखनऊ में खोले गये पी.एल. ए. खाते से मिलान कराते हुए उनका सत्यापन कराया जाता है।

(ग) अखिल भारतीय समूह बीमा योजना

